**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण शिमला में कल से–मुख्यमंत्री 21 मार्च को पेश करेंगे बजट।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार की बजट में की गई दर्जनों घोषणाएं कागजों तक सीमित, तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी सरकार पूरी नहीं कर पाई बजट में घोषित योजनाएं।
- राज्य सरकार ने ठेकेदारों के लंबित भुगतान की अदायगी के लिए जारी किए 500 करोड़ रूपए।
- ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अनेक भागों में वर्षा से लौटी ठंड–किसानों व बागवानों के चेहरे खिले।

**बजट सत्र**

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण कल शिमला में शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 2 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

डिस्पेच....

*बजट सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सत्र के पहले चरण की बैठकें 16 से 18 फरवरी के बीच आयोजित की जा चुकी है। दूसरे चरण में 18, 19 व 20 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। ये उनके कार्यकाल का चौथा बजट होगा। अगले तीन दिनों तक बजट पर चर्चा होगी और 30 मार्च को बजट पास किया जाएगा। 31 मार्च गैर सरकारी कार्य दिवस निर्धारित किया गया है।*

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर आने वाले समय में राज्य सरकार 300 करोड़ रूपए खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध खरीद पर सबसे अधिक समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य मात्र दूध का रेट बढ़ाना नहीं है बल्कि गांव में युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करना है ताकि गांव की आर्थिकी में सुधार आ सके।

**उप मुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना जिला के रक्कड़ में एशियन विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित उठाऊ पेयजल योजना का उदघाटन करेंगे। जलशक्ति विभाग द्वारा कार्यान्वित इस योजना के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री का जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के निरीक्षण का भी कार्यक्रम है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की बजट में की गई दर्जनों घोषणाएं कागजों तक सीमित है और तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी इन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में सुक्खू सरकार ने लगभग 2 लाख 20 हजार करोड़ रूपए का बजट पेश किया है। बावजूद इसके विधानसभा में बजट के दौरान घोषित योजनाओं को सरकार पूरा नहीं कर पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने अब तक 45 हजार करोड़ रूपए से अधिक का कर्ज भी लिया है। उन्होंने कहा कि इस बार बजट पेश करने से पहले मुख्यमंत्री को अब तक अधूरी रही बजट घोषणाओं का जवाब अवश्य देना चाहिए।

**बिंदल**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार राजस्व घाटा अनुदान को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दस वर्षों में लगभग 18 हजार करोड़ आर डी जी मिली थी, वहीं मोदी सरकार ने प्रदेश को लगभग नवासी हजार करोड़ रूपए से अधिक की सहायता प्रदान की है। उन्होंने राज्य सरकार पर केंद्र से मिलने वाली सहायता राशि का सही उपयोग न करने का आरोप भी लगाया है।

**भुगतान**

राज्य सरकार ने लोक निर्माण और जलशक्ति विभाग को ठेकेदारों के लंबित भुगतान की अदायगी के लिए 500 करोड़ रूपए जारी किए हैं ताकि 1 मार्च तक की बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शिमला में बताया कि सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीर है और ठेकेदारों के लंबित भुगतान को चरणबद्ध तरीके से जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ कार्य कर रही है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व कई क्षेत्रों में वर्षा होने से तापमान में भारी गिरावट आई है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में लगभग 4 इंच ताजा हिमपात हुआ है और समूचा जिला एक बार फिर कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। बर्फबारी के कारण जिले की सभी सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। किन्नौर जिला के छितकुल, सांगला व कल्पा में लगभग 2 इंच ताजा बर्फ गिरी है। जिले में कुछ अंदरूनी सड़क मार्गों पर आवाजाही प्रभावित हैं। चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र पांगी सहित भरमौर में भी बर्फ गिरने का समाचार है। वहीं कुल्लू जिले की पर्यटन नगरी मनाली सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों में बर्फबारी हुई है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि ताजा हिमपात से पर्यटन व्यवसायी खुश हैं।

*पर्यटन नगरी मनाली में बीती शाम हुई बर्फबारी से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों के चहरे खिल गए है तथा वे अब सैलानियों की संख्या में बढ़ौतरी की उम्मीद कर रहे है स वही मनाली घूमने पहुंचे पर्यटकों ने भी गत शाम हुई बर्फबारी का खूब आनंद उठाया स वही मनाली के ऊपरी क्षेत्रो में हुई भारी बर्फबारी के चलते सडको पर फिसलन हो गई है तथा पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मनाली पुलिस ने सोलंग स्थित बैरियर से आगे अटल टनल की व् लाहौल की ओर जाने वाली सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है स प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मौसम व् सड़क की स्थिति सामान्य होने पर केवल फॉर बाई फाई फॉर गाड़ियों को ही आगे जाने दिया जाएगा तथा टेम्पो ट्रेवलर को केवल नेहरू कुंड तक ही जाने की अनुमति है स उधर जलोड़ी दर्रा भी बर्फबारी के बाद वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो चुका है स प्रशासन ने आम लोगों और पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में बिना आवश्यक जानकारी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों की यात्रा न करें।*

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य भागों में गरज के साथ ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना जताई है।

विभिन्न पीटीसी

**छात्रवृत्ति**

प्रदेश सरकार ने दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि इस योजना से जिले के विद्यार्थी भी लाभान्वित हो रहे हैं।

डिस्पेच

*इस योजना के तहत सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले ऐसे दिव्यांग विद्यार्थियों कोए जिनकी दिव्यांगता चिकित्सा बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रमाणित हैए बिना किसी आय सीमा के छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। पहली से पाँचवीं कक्षा तक 625 रुपयेए छठी से आठवीं तक 750 रुपये और नौवीं.दसवीं कक्षा तक 950 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को इससे अधिक सहायता दी जाती है। इसके अलावा जमा एकए जमा दोए स्नातकए डिप्लोमाए आईटीआईए जेबीटीए एलएलबीए बीएडए एमएए एमएससी और बीई.बीटेकए एमबीबीएस जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को भी अलग.अलग दरों पर छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है।*

*गांव योह के मनोज कुमार ने बताया कि उनकी बेटी रितिकाए जो दसवीं कक्षा में पढ़ती है और 60 प्रतिशत दिव्यांग हैए को छात्रवृत्ति मिल रही है। गांव खरोह की ममता बन्याल की बेटी रिवांशुए जो 80 प्रतिशत श्रवण बाधित है और बारहवीं कक्षा में पढ़ रही हैए उसे भी योजना का लाभ मिल रहा है। इसी गांव की रजनी कुमारी ने बताया कि उनकी बेटी कनिका शर्माए जो 70 प्रतिशत श्रवण बाधित हैए को भी अब छात्रवृत्ति मिल रही है।*

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **जे एन एन यू आर एम बसों के संचालन पर रोक से हाईकोर्ट का इंकार। अमर उजाला** के शब्द हैं **आउटसोर्स भर्ती पर हलफनामा न देने पर हाईकोर्ट तलख, सरकार को जुर्माना।**

**विशेष परिस्थिति में बिना टेंडर हो सकेंगे जलशक्ति विभाग में कार्य** शीर्षक से **दैनिक जागरण** ने लिखा है, विभाग ने टेंडर प्रकिया में किए महत्वपूर्ण बदलाव।

**दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **जाते–जाते तीन विधेयक मंजूर कर गए राज्यपाल।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण शिमला में कल से–मुख्यमंत्री 21 मार्च को पेश करेंगे बजट।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार की बजट में की गई दर्जनों घोषणाएं कागजों तक सीमित, तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी सरकार पूरी नहीं कर पाई बजट में घोषित योजनाएं।
- राज्य सरकार ने ठेकेदारों के लंबित भुगतान की अदायगी के लिए जारी किए 500 करोड़ रूपए।
- ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अनेक भागों में वर्षा से लौटी ठंड–किसानों व बागवानों के चेहरे खिले।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00 बजे नमस्कार।